# छत्रसाल स्टेडियम में 32 फिट ऊंचे हाईटेक रावण का हुआ दहन

## सांसद एवं सीधी विधायक की मौजूदगी में दशहरा उत्सव का हुआ आयोजन, जिले भर में विजयादशमी पर हुआ रावण दहन कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अक्टूबर। विजयादशमी का पर्व जिले भर में धूमधाम के साथ मनाया गया। छत्रसाल स्टेडियम में 32 फिट ऊंचे अहंकारी दशानन रावण के हाईटेक पुतले की नाभि में जैसे ही अग्निबाण श्री राम ने मारा वैसे ही तेज अक्टहास करते हुये रावण का पुतला धू-धूकर जलने लगा। सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने विजयादशमी के पावन अवसर पर सीधी के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित दशहरा उत्सव में सहभागिता की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्र मोहन गुप्ता, रामलीला नगर कमेटी व्यापारी संघ अध्यक्ष भोला गुप्ता सहित पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे।**





बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व छत्रसाल स्टेडियम सीधी में राम-रावण संवाद के बाद रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात करीब 9:30 बजे राम-रावण युद्ध की लीला का मंचन करने के बाद रावण दहन किया गया। शहर के छत्रसाल स्टेडियम में दशहरा उत्सव समिति द्वारा दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। जहां रामलीला नगर कमेटी व्यापारी संघ सीधी के रामलीला मंचन में शामिल श्रीराम जी के द्वारा रावण वध किया गया। जैसे ही श्री रामचन्द्र भगवान द्वारा असत्य पर सत्य की विजय रावण का वध किया। वैसे ही 32 फुट का रावण के पुतले का दहन आतिशबाजी से भरपूर धू-धूकर जल पड़ा। धर्म के मंच से भगवान श्री राम की जय घोष लगाते हुए अतिथियों ने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है तब-तब राम का अवतार होता है। भारतीय संस्कृति में प्रत्येक पर्व का अपना एक अलग महत्व है। अंदर के रावण को मारना पड़ेगा क्योंकि पुतला दहन तो हर वर्ष होता है लेकिन रावण रह जाता है अंदर के रावण रूपी को नष्ट करना होगा। इसलिए इस दिन शुभ कार्य एवं नए कार्य की शुरूआत भी की जाती है। राम और रावण का संवाद तथा युद्ध मंचन स्टेडियम में हुआ। दहन पश्चात रथ के माध्यम से नगर भ्रमण के लिए राम-लक्ष्मण-हनुमान की भव्य झांकी निकाली गई, साथ में दुर्गा प्रतिमा की झांकी भी रही। इस दौरान जगह-जगह रथ में सवार विजयी भगवान रामचन्द्र जी की पूजा-अर्चना नगरवासियों द्वारा की गई। अयोध्या के युवराज श्रीराम, लक्ष्मण, वीर हनुमान की आरती पूजन किया गया। इस दौरान गणमान्य नागरिकों के साथ ही जिले भर से आयी जनता जनार्दन दशहरा में रावण वध देखने में उत्सुक रही और अंत तक स्टेडियम खचाखच भरा रहा। पुलिस की यहां कड़ी चौकसी बनीं रही।

### मड़वास गढ़ी में हुआ राजगद्दी पूजन



सदियों से चली आ रही राजघराने की परम्परा अनुसार प्रत्येक वर्ष दशहरा के उपलक्ष्य में आम जनमानस क्षेत्रवासी मडवास क्षेत्र के राजा के दर्शन हेतु गढ़ी मडवास में पहुचते आ रहे है। इसी परिपेक्ष्य में बीते दिन मडवास गढ़ी में विशाल दशहरा मिलन समारोह बड़े धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इसी दौरान मड़वास राजघराने की प्राचीन गद्दी तथा किले के समस्त शस्त्रों का राजपुरोहितो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कराया गया। पूजन पश्चात दशहरा मिलन समारोह कार्यक्रम हेतु मड़वास रियासत के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों कुसमी, मझौली एवं अन्य कई क्षेत्रीयजन राजा साहब मड़वास की एक झलक पाने के लिए मड़वास गढ़ी पहुचे। साथ ही राजा साहब मड़वास अभ्युदय सिंह का श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। विदित हो कि यह परम्परा मड़वास राजघराने राज तंत्र से चली आ रही है जहां पीढ़ी दर पीढ़ी क्षेत्रवासी अपने राजा को पुष्पगुच्छ और श्रीफल से अभिनन्दन करते है। दशहरा मिलन समारोह में गढ़ी मड़वास में पहुचने वाले प्रमुख जनो में धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम सिंह, भूपेश सिंह वैस थाना प्रभारी मड़वास रणमत सिंह, कुसमी आनंद सिंह शेरगांव, लवकेश सिंह गहरवार, शैलेन्द्र सिह पथरौला, इन्द्रवली सिंह मझौली, शिवेन्द्र सिंह अकौना, संतोष तिवारी दादर, जितेन्द्र गुप्ता कुसमी, शेषमणि पानिका कुसमी, बृजेन्द्र कोरी एसडीओ कुसमी आदि शामिल रहे।

## मूर्ति विसर्जन से लौटते समय हादसा, ज्ञान सिंह ने निभाई मानवता

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अक्टूबर। नौगंवा धीरसिंह गांव के विश्वकर्मा परिवार के लोग सोन नदी में मूर्ति विसर्जित कर लौट रहे थे, तभी बढ़ौरा मोड़ के हादसा हो गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।**



इसी दौरान वहां से गुजर रहे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बिना देर किए गाड़ी रुकवाई और तत्काल हालात की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना देने के साथ ही घायलों को अपनी गाड़ी में बैठाकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया। कांग्रेस अध्यक्ष ने स्वयं अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से संपर्क किया और घायलों को भर्ती कराया और उनके इलाज की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराई। अचानक हुए इस हादसे में जहां घायलों के परिजन घबराए हुए थे, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष की त्वरित मदद से सबको बड़ी राहत मिली। ज्ञान सिंह के इस मानवीय कदम की चारो ओर प्रशंसा हो रही है।

## भाजपा ने गांधी जयंती पर बापू को किया नमन, चलाया स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर स्थानीय गांधी चौक पहुंचकर बापू की प्रतिमा और परिसर की साफ-सफाई करने के पश्चात गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और नमन करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष के.के.तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, एड.शत्रुघ्न प्रसाद तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विश्वबंधु धर द्विवेदी, शिवदान साकेत, वरिष्ठ भाजपा नेता रवि केसरी, रामप्रसाद वैश्य, जिला मंत्री उमाशंकर यादव, कोषाध्यक्ष अनीता चौरसिया, संदीप सिंह गहरवार, सुरेन्द्रमणि दुबे, मोर्चा जिलाध्यक्ष निशांत मिश्रा, राकेश मौर्य, संदीप सिंह गहरवार, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, सुनीता रानी वर्मा, अमित प्रधान, जितेन्द्र तिवारी, अजीत वर्मा, मुनिराज विश्वकर्मा, दिनेश गुप्ता, कंचन केसरी, रमेश गुप्ता, संगीता सिंह, किरण सिंह, कुंवर तिवारी, आनंद परियानी, जय सिंह चौहान, बृजेश सिंह चौहान, धर्मेन्द्र सोनी, प्रदीप सिंह, हीरालाल कोरी, अजय चौबे, नरेन्द्र गौतम, रन्नू साकेत, श्रवण सिंह, मुन्नालाल चौधरी सहित सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, विधायक श्रीमती रीती पाठक सहित सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी और आसपास चलाए जा रहे स्वछता अभियान में हिस्सा लिया।

## विजयदशमी पर पुलिस लाइन में हर्षोल्लास के साथ किया गया शस्त्र पूजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अक्टूबर। विजयदशमी पर्व पर पुलिस लाइन सीधी में शस्त्र पूजन कार्यक्रम सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में सांसद डॉ मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी सहित उपस्थित अतिथियों तथा पुलिस अधिकारियों ने शक्ति स्वरूपा मां काली की विधि-विधान से पूजा अर्चना की तथा मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुति दी। इस अवसर पर उन्होंने शस्त्रों तथा वाहनों का पूजन भी किया तथा विशेष शस्त्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि विजयदशमी का दिन अत्यंत शुभ अवसर है। यह महापर्व अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस पर्व पर हम शक्ति की आराधना करते हैं। समाज में शांति बनाए रखने के लिए शक्ति आवश्यक है और शक्ति का प्रतीक शस्त्र है। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि नवरात्रि के बाद दशमी तिथि को विजयलक्ष्मी के रूप में मनाया जाता है और इसी दिन शस्त्र पूजन की परंपरा है। शस्त्र में मां दुर्गा का वास माना गया है, इसलिए शस्त्र पूजन शक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है। इस अवसर पर एएसपी अरविंद श्रीवास्तव, एसडीएम गोपदबनास राकेश शुक्ला, डीएसपी अमन मिश्रा, केके तिवारी, डॉ.देवेंद्र त्रिपाठी सहित गणमान्य नागरिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।





## नवीन पदस्थापना पर सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अक्टूबर। निवर्तमान सीईओ जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज का सम्मान समारोह आज आयोजित किया गया। श्री राज का स्थानांतरण प्रबंध संचालक स्वान भोपाल के पद पर किया गया है तथा उन्हें संचालक, राज्य कम्प्यूटर सिक्योरिटी इंसीडेंट रिस्पांस टीम भोपाल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।**

समारोह में उद्बोधन देते हुए श्री अंशुमन राज ने कहा कि सीधी जिले में कार्य करने का अनुभव उनके लिए अत्यंत शिक्षाप्रद एवं सकारात्मक रहा। कलेक्टर के मार्गदर्शन में उन्हें सीईओ जिला पंचायत के साथ-साथ अपर कलेक्टर के रूप में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि कार्य की स्वतंत्रता एवं विश्वास से उन्हें नई ऊर्जा एवं दिशा मिली। यहां की अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम से भी उन्हें सतत सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि अपनी पदस्थापना के दौरान उन्होंने तकनीकी साधनों के माध्यम से कार्यप्रणाली को सरल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने का प्रयास किया, जिससे अधिकारी-कर्मचारी बिना किसी दबाव के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निवर्तमान सीईओ जिला पंचायत को नवीन पदस्थापना हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि श्री अंशुमन राज उत्कृष्ट कार्यक्षमता एवं सशक्त व्यक्तित्व के धनी अधिकारी हैं।


## ‘गिग इकॉनॉमी’ और भारत का युवा वर्ग : रोजगार का बदलता चेहरा

### अदिति सिंह परिहार, अद्विका श्रीवास्तव और यश अग्रवाल द्वारा गोवा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट

**सीधी 3 अक्टूबर।** आज, 2025 में, भारत में रोजगार का पारंपरिक स्वरूप तेजी से बदल रहा है। जहां एक ओर स्थायी सरकारी या निजी नौकरी की अवधारणा अभी भी मौजूद हैए वहीं ‘गिग इकॉनॉमी’ ने युवाओं के लिए अवसरों का एक नया द्वार खोल दिया है। यह एक ऐसा मॉडल है जहाँ कर्मचारी अस्थायी, फ्रीलांस या प्रोजेक्ट-आधारित काम करते हैं, और यह भारतीय युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह लेख बताता है कि यह मॉडल कौन अपना रहा है यह क्या है, कब और कहाँ इसका प्रभाव देखा जा रहा है, और क्यों तथा कैसे यह युवाओं के कैरियर पथ को नया आकार दे रहा है।

गिग इकॉनॉमी की बढ़ती लहर भारत का युवा वर्ग अब 9 से 5 की नौकरी से हटकर अपनी स्वतंत्रता को महत्व दे रहा है। एक समय था जब काम की तलाश में शहरों में भटकना पड़ता था, लेकिन आज एक ग्राफिक डिजाइनर, घर बैठे ही विदेशी क्लाइंट्स के लिए काम कर रहा है। यह बदलाव मुख्य रूप से डिजिटल क्रांति और स्मार्टफोन की बढ़ती पहुँच के कारण संभव हुआ है। गिग इकॉनॉमी की लोकप्रियता के पीछे सबसे बड़ा कारण है लचीलापन। इसमें काम करने वाले लोग अपनी सुविधा के अनुसार काम का समय और स्थान चुन सकते हैं। इसके अलावा, यह मॉडल युवाओं को एक से अधिक आय के स्रोत बनाने की सुविधा देता है। एक व्यक्ति जो शाम को फूड डिलीवरी पार्टनर के रूप में काम करता है, वह दिन में ऑनलाइन ट्यूटरिंग भी कर सकता है। यह न केवल आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि उन्हें विभिन्न कौशल विकसित करने का भी मौका देता है। हालांकि, इस मॉडल में कुछ चुनौतियां भी हैं। गिग वर्कर्स के लिए नौकरी की अनिश्चितता, सामाजिक सुरक्षा लाभों (जैसे भविष्य निधि और स्वास्थ्य बीमा) की कमी और आय की अनियमितता बड़ी समस्याएं हैं। सरकार और कॉर्पोरेट जगत इस दिशा में काम कर रहे हैं। कई कंपनियां अब गिग वर्कर्स को बेहतर लाभ देने के लिए नीतियां बना रही हैं, और सरकार भी उनके हितों की रक्षा के लिए कानून बनाने पर विचार कर रही है। कुल मिलाकर, गिग इकॉनॉमी भारत के युवाओं के लिए सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है। यह उनकी महत्वाकांक्षा, स्वतंत्रता और काम के प्रति आधुनिक सोच को दर्शाता है। आने वाले वर्षों में यह और भी विकसित होगा और भारत के रोजगार परिदृश्य को पूरी तरह से बदल देगा।

Advt


### एक नजर में

#### चितरौली में खोला गया कर्मयोगी सेवा केन्द्र



**कुसमी।** आदिवासी बाहुल्य जनपद पंचायत कुसमी के ग्राम पंचायत मझिगवां के ग्राम चितरौली में आदि कर्मयोगी अभियान विजन 2030 के अंतर्गत आदि सेवा की स्थापना की गई। यह केन्द्र ग्राम स्तरीय सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों एक मंच पर लाकर शासन की पंचवर्षीय योजनाओ का लाभ 100 प्रतिसत लाभ आदिवासियों और विशेष पिछड़े समुदायों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। आदि सेवा केन्द्र प्रभारी सचिव जयबीर सिंह, ग्राम नोडल अधिकारी रामबहादुर सिंह ने विभागीय कर्मचारियों, आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य और जनजातीय कार्य विभाग टीम के साथ 29 सितम्बर और 30 सितम्बर को ग्राम में भ्रमण कर सर्वे किया गया था। ग्राम का नजरी नक्शा भी तैयार किया गया। सर्वे के बाद 2 अक्टूबर 2025 को विशेष में प्रस्तुत किया गया। इस विजन को ग्राम सभा के द्वारा अनुमोदन किया गया। अनुमोदन उपरांत कार्यवाही फोल्डर को पोर्टल में अपलोड किया जाए।

#### निवास अंचल की दुर्गा प्रतिमाओं का गोपद नदी में विसर्जन

**निवास।** निवास क्षेत्र में रखी गई दुर्गा प्रतिमाएं नौ दिन तक भक्तों की पूजा-अर्चना और आस्था का केन्द्र बनी रही। 2 अक्टूबर दशहरा पर गोपद नदी में दुर्गा प्रतिमओं को प्रवाहित किया गया। मुख्य रूप से शिव मंदिर निवास प्रांगण में रखी गई विशाल दुर्गा मूर्ति, यूनियन बैंक के पास रखी गई विशाल दुर्गा मूर्ति एवं जेपी पावर प्लांट निगरी में स्थापित की दुर्गा प्रतिमा जो कि तीन दिन बाद पंचमी को रखी जाती है, उसी दिन से यहां पूजा पाठ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन एवं आर्केस्ट्रा, गरबा का आयोजन किया। जेपी पावर प्लांट के सांस्कृतिक कार्यक्रम में रामलीला के कुछ अंश में राम वन गमन की झांकियां प्रस्तुत की गई। इस झांकी को प्रस्तुत करने में आर .पी .सिंह ने अथक परिश्रम किया। उनके इस अंश को लोगों ने खूब सराहा। क्षेत्र में स्थापित मूर्तियां को गाजे बाजे के साथ गोपद नदी में ले जाकर विसर्जित किया गया। इस वर्ष मूर्ति विसर्जन एवं कार्यक्रम में किसी प्रकार की अप्रिय वारदात नहीं हुई। इस पर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की प्रशंसा की तथा इसी तरह शांति व्यवस्था कायम रखने की अपेक्षा की।



#### सहायक उपकरण प्रदाय परीक्षण शिविर 6 से

**सीधी।** एलिम्को जबलपुर द्वारा एडिप एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत सीधी जिले के दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को नि :शुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु परीक्षण एवं चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन 6 अक्टूबर को जनपद पंचायत सिहावल परिसर, 7 अक्टूबर को जनपद पंचायत मझौली परिसर, 8 अक्टूबर को जनपद पंचायत कुसमी परिसर, 09 अक्टूबर को जनपद पंचायत रामपुर नैकिन परिसर तथा 10 अक्टूबर को सामुदायिक भवन सम्राट चौक नगर पालिका सीधी में किया जाएगा।

## मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास ही तुम्हारी पहचान बनेगा : नीरज शर्मा

### श्री गणेश ग्रुप में शिक्षा संकाय के ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं फ्रेशर्स पार्टी आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अक्टूबर। स्थानीय श्री गणेश ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस सीधी-सिंगरौली के शिक्षा संकाय (बीएड व डीएलएड) जिसमे श्री गणेश कॉलेज ऑफएजुकेशन पड़रा, कमला मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन पड़रा एवं श्री गणेश एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन अमहा की ओर से बुधवार को कमला कॉलेज स्थित गिरिजा ऑडिटोरियम में सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम के साथ फ्रेशर्स पार्टी का सफल आयोजन किया गया।**



जिसमें नए प्रवेशार्थियों को बीएड व डीएलएड पाठ्यक्रम के वर्तमान नियमों, विनियमों, पाठ्यक्रम शिक्षण पद्धतियों, शिक्षक के मूल्य और शिक्षा के महत्व पर विस्तृत से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि गणेश ग्रुप के निदेशक नीरज शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में सहा. निदेशक अरुण ओझा, अतिथि गणेश स्कूल प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी, गणेश स्कूल अमहा प्राचार्य जे.एन.मिश्र, कमला कॉलेज प्राचार्य डॉ.रोहित सिंह और अन्य वरिष्ठ शिक्षा संकाय सदस्यों की उपस्थिति में श्रीगणेश व मां वाणी के सम्मुख संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा अतिथियों व नव-प्रवेशित छात्राओं के स्वागत-सत्कार हेतु स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। स्वागत संभाषण बीएड विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक वी.के.सिंह द्वारा दिया गया। उन्होंने ओरिएंटेशन शब्द का अर्थ व महत्व सरल शब्दों में बताते हुए छात्राओं को कक्षाएं नियमित लेने को कहा एवं विद्यार्थियों को तालाब का जल न बनकर एक निर्मल धारा बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज शर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कॉलेज जीवन की नई शुरुआत पर शुभकामनाएं दीं तथा अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि हम सभी को अपने जीवन में आगे बढ़ने, स्वयं में सुधार करने और अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का पूरा अधिकार है। केवल एक अंक कम या एक अधिक किसी व्यक्ति की असली क्षमता को निर्धारित नहीं करता। यह केवल उस दिन की परिस्थिति को दर्शाता है, न कि आपकी मेहनत, सोच या प्रतिभा को। अक्सर लोग लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाते और इसका कारण उनकी योग्यता नहीं बल्कि परिस्थितियां, मानसिक स्थिति या प्रक्रिया की जटिलता होती है। तुम्हारी मेहनत, तुम्हारा समर्पण और आत्मविश्वास ही तुम्हारी पहचान बनेगा। चाहे दुनिया में कितना भी शोर हो, तुम्हें वह शेर बनना है जो स्पष्ट सोच, आत्मबल और साहस के साथ अपनी नयी शुरुआत करता है। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत मनमोहक समूह नृत्य से हुई, उसके बाद पहले राउंड में फ्रेशर्स का परिचय प्रदान किया गया। दूसरे राउंड में एकल नृत्य, समूह व एकल गायन, भजन, गरबा नृत्य, काव्य पाठ एवं रैंप वॉक सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उसके पश्चात अंतिम राउंड में मिस्टर और मिस फ्रेशर की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई।

#### इन्होंने कार्यक्रम की दी जानकारी

सहायक निदेशक अरुण ओझा ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा केवल जानकारी अर्जित करने का साधन नहीं है बल्कि अच्छे इंसान बनने की दिशा भी है। उन्होंने छात्रों से कहा कि योग्य बनें और निरंतर मेहनत करें। बीएड प्राचार्य धनंजय सिंह ने भी विद्यार्थियों को संस्थान के मूल्यों, अनुशासन और अवसरों के प्रति जागरुक करते हुए पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति की जानकारी दी। प्राध्यापक इन्द्रजीत सिंह, आरती सिंह एवं अमित कुमार मिश्र सहित सभी फैकल्टी मेंबर्स ने क्रमवार कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, पुस्तकालय, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां तथा अन्य सह-पाठ्यक्रमिक अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।